# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Half Yearly Examination (2025 – 2026)**

**Class: X** **MM: 80**

**Subject: Hindi (002)** **Time: 3.00Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: _________ Roll No.:___________

सामान्य निर्देश–

(1) इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित बहुविकल्पीय व लघूत्तरात्मक और खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण संबंधी लघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक व पूरक पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न तथा खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन संबंधी दीर्घ– उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न–पत्र के चारों खंडों में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

## खंड 'क' अपठित बोध ( 14 अंक)

**प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **1X3+2X2=7**

सवेरे हम अपनी मंज़िल काठमांडू की ओर बढ़े। पहाड़ी खेतों में मक्के और अरहर की फ़सलें लहरा रहीं थीं। छोटे–छोटे गाँव और परकोटे वाले घर बहुत सुंदर लग रहे थे। शाम होते–होते हम काठमांडू पहुँच गए। आज काठमांडू पर लिखते हुए अंगुलियाँ काँप रहीं हैं। वैसे ही जैसे पच्चीस अप्रैल को काठमांडू की धरती काँप उठी थी। न्यूज़ चैनल जब धरहरा स्तंभ को भरभराकर गिरते दिखा रहे थे, मेरा मन बैठा जा रहा था। क्या हुआ होगा धरहरा के इर्दगिर्द फेरी लगाकर सामान बेचने वालों का और उस बाँसुरी वादक का जिसके सुरों ने मन मोह लिया था ? और वे पर्यटक जो धरहरा के सौंदर्य में बिंधे उसका सौंदर्य निहारते। सब कुछ जानते हुए भी मन यही कह रहा है कि सब ठीक हो।

रात को हम बाज़ार गए। बाज़ार इलेक्ट्रॉनिक सामानों से अटा पड़ा था और दुकानों की मालकिनें मुस्तैदी से सामान बेच रही थीं। हमारे हिमालयी क्षेत्रों की तरह यहाँ भी अर्थव्यवस्था का आधार औरतें हैं। क्योंकि पहाड़ों पर पर्याप्त ज़मीन नहीं होतीं और रोज़गार के साधन भी बहुत नहीं होते, सो घर के पुरुष नीचे मैदानी इलाकों में कमाने जाते हैं और घर परिवार की सारी ज़िम्मेदारी महिलाएँ उठाती हैं। यहाँ गाँव की महिलाएँ खेती और शहर की महिलाएँ व्यवसाय सँभालती हैं। मैंने देखा वे बड़ी कुशलता से व्यावसायिक दाँव–पेंच अपना रही थीं। हम पोखरा होते हुए लौट रहे थे। रास्ते पर हिमाच्छादित चोटियाँ आँख–मिचौली खेलती रहीं। राह में अनेक छोटे–बड़े नगर–गाँव और कस्बे आते रहे। नेपाली औरतें घरों में काम करती नज़र आ रही थीं। मक्का कटकर घर आ चुकी थी। उसके गुच्छे घर के बाहर खूँटियों के सहारे लटके नज़र आ रहे थे। अब हम काली नदी के साथ–साथ चल रहे थे।

**(I) काठमांडू पर लिखने के लिए लेखक की अंगुलियाँ क्यों काँप रही थीं ?**

(अ) नेपाल में आया भूकंप याद आ गया। (ब) आतंकवादी हमले की आशंका थी।

(स) लेखक के हाथ में चोट थी। (द) धरहरा स्तंभ अब कभी नहीं देख पाएगा।

**(II) कथन को पढ़कर बताइए कि लेखक दुखी और हताश क्यों था ?**

(क) धरहरा स्तंभ भूकंप में तहस–नहस हो गया था। (ख) न्यूज़ चैनल जब धरहरा स्तंभ दिखा रहे थे।

(ग) लग रहा था जीवन क्षणभंगुर है। (घ) प्राकृतिक आपदा कहीं भी आ सकती है।

कूट विकल्प–

(अ) केवल कथन (क) सही है। (ब) केवल कथन (ख) सही है।

(स) कथन (क) और (ख) सही है। (द) कथन (ग) और (घ)

**(III) कथन (A) नेपाल में अर्थव्यवस्था का आधार औरतें हैं।**

**कारण (R) पुरुष रोज़गार के लिए बाहर जाकर काम करते हैं।**

**उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सबसे सटीक विकल्प चुनिए –**

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है, और कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

**(IV) नेपाल की अर्थव्यवस्था के विषय में लेखक ने क्या बताया ?**

**(V) फेरीवाले और बाँसुरी वादक के लिए लेखक क्यों दुखी है ?**

**प्र0 2 निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **1X3+2X2=7**

हैं जन्म लेते जगह में एक ही
एक ही पौधा उन्हें है पालता
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही–सी चाँदनी है डालता।
मेह उन पर है बरसता एक–सा
एक–सी उन पर हवाएँ हैं बही
पर सदा ही यह दिखाता है हमें
ढंग उनके एक से होते नहीं।
छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ
फाड़ देता है किसी का वर वसन
प्यार–डूबी तितलियों का पर कतर,

भँवर का है भेद देता श्याम तन।
फूल लेकर तितलियों की गोद में
भँवर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगंधों और निराले ढंग से
है सदा देता कली का जी खिला।
है खटकता एक सबकी आँख में
दूसरा है सोहता सुर शीश पर,
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।

**I ऊँचे कुल का प्रभाव कम हो जाता है जब –**

(अ) धन की कमी हो

(ब) व्यवहार बहुत अच्छा हो

(स) सदस्यों में बड़प्पन की कमी हो

(द) धन का भंडार हो

**II प्रस्तुत काव्य–पंक्तियों के मूल भाव हेतु नीचे दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प का चयन कीजिए–**

**कथन**

(क) सभी परिस्थितियों का प्रभाव एक समान होता है।

(ख) परिवेश की समानता से अव्यवस्था उत्पन्न होती है।

(ग) मनुष्य सदगुणों और नम्र व्यवहार के कारण ही सबका प्रिय बनता है।

(घ) भौगोलिक परिस्थितियाँ मनुष्य के स्वभाव को प्रभावित करती है।

**कूट / विकल्प**

(अ) कथन (क) सही है

(ब) कथन (ख) सही है

(स) कथन (ग) सही है

(द) कथन (ख) और (घ) सही है

**III कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

कथन (**A**) मनुष्य अपने अच्छे कर्मों से प्रसिद्ध होता है।

कारण (**R**) किसी भी कुल में जन्म लेने से मनुष्य बड़ा हो सकता है।

(अ) कथन (**A**) गलत है, किंतु कारण (**R**) सही है।

(ब) कथन (**A**) तथा कारण (**R**) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (**A**) सही है, और कारण (**R**) कथन (**A**) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (**A**) सही है किन्तु कारण (**R**) कथन (**A**) की सही व्याख्या नहीं है।

IV कविता की पंक्तियों के आधार पर बताइए कि फूल क्या–क्या करता है?

V काव्यांश के आधार पर बताइए कि कुल तथा कर्म में किसका महत्त्व अधिक है और क्यों?

## खंड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण ( 16 अंक)

प्र0 3 'रचना के आधार पर वाक्य–भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1X4=4

(I) बासमती के अलावा चावल की एक और दुर्लभ किस्म है। (रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।)

(II) यह पाठ इस बारे में है कि कविताओं को कैसे गुनगुनाया जाए। (रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।)

(III) पेड़ पर चिड़िया बैठी है और वह कुछ गा रही है। (सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(IV) मैंने अभ्यास किया इसलिए सफलता मिली। (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(V) मुझे दौड़ में प्रथम आना था लेकिन नहीं आ सकी। (सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

प्र0 4 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1X4=4

(I) इस कड़कती धूप में मज़दूर द्वारा भोजन भी नहीं किया जाता। (वाच्य भेद पहचान कर लिखिए।)

(II) कर्मवाच्य में कर्ता के साथ किन परसर्गों का प्रयोग होता है ?

(III) नाना जी अखबार पढ़ रहे हैं। (कर्मवाच्य में वाक्य बदलकर पुनः लिखिए।)

(IV) उससे तैरा नहीं जाएगा। (वाच्य भेद पहचान कर लिखिए।)

(V) उसके द्वारा मेरी बात पर बहुत हँसा गया। (कर्तृवाच्य में वाक्य बदलकर पुनः लिखिए।)

प्र0 5 'पद–परिचय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1X4=4

(I) '<u>हम</u> मसूरी घूमने गए।' – वाक्य में रेखांकित अंश का पद–परिचय दीजिए।

(II) 'राशि <u>दसवीं</u> कक्षा में पढ़ती है।' – वाक्य में रेखांकित अंश का पद–परिचय दीजिए।

(III) 'वह <u>स्कूल से</u> अभी–अभी आया है।' – वाक्य में रेखांकित अंश का पद–परिचय दीजिए।

(IV) '<u>अच्छों</u> की शरण में जाओ।' वाक्य में रेखांकित अंश का पद–परिचय दीजिए।

(V) 'योग्य पिता की <u>संतान</u> भी योग्य होती है।'– वाक्य में रेखांकित अंश का पद–परिचय दीजिए।

**प्र0 6 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1X4=4**

(I) अतिश्योक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

(II) 'फूले कास सकल जग माहि। जनु बर्षा रितु प्रकट बुढ़ाई।।'– पंक्ति में कौन–सा अलंकार निहित है ?

(III) 'प्रीति–नदी में पाउँ न बोर्‌यौ'– पंक्ति में कौन–सा अलंकार निहित है ?

(IV) उपमा अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

(V) 'कहीं साँस लेते हो घर–घर भर देते हो।' पंक्ति में कौन–सा अलंकार निहित है ?

**खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक व पूरक पाठ्यपुस्तक ( 30 अंक)**

**प्र0 7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5=5)**

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुज़रते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से पूछ लिया, क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है? पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था। वह एक काला मोटा और खुशमिज़ाज़ आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों–ही–आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल काली बत्तीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है। क्या करता है? हालदार साहब कुछ समझ नहीं पाए। चश्मा चेंज करता है। पानवाले ने समझाया।

**(I) हालदार साहब ने चौराहे पर रुकने की आदत क्यों डाली?**

(अ) उन्हें पानवाले के पान आकर्षित करते थे।
(ब) उन्हें पानवाले से बातें करना अच्छा लगता था।
(स) उन्हें चश्मे के बदलते फ्रेम देखने में आनंद आता था।
(द) उन्हें चश्मे के फ्रेम बदलने का कारण जानने की जिज्ञासा थी।

**(II) गद्यांश में हालदार साहब के लिए 'दुर्दमनीय' शब्द का प्रयोग किया गया है क्योंकि–––––।**

(अ) उनकी उत्सुकता बढ़ गई थी
(ब) वे स्वयं पर नियंत्रण कर रहे थे
(स) वे पानवाले से प्रश्न करने में हिचकिचा रहे थे
(द) उनके लिए जिज्ञासा पर नियंत्रण करना कठिन हो गया था।

**(III) गद्यांश में पानवाले के ––––– और –––––– का सजीव वर्णन किया गया है।**

(अ) शारीरिक गठन, भाव–भंगिमाओं
(ब) भावनात्मक विचार, सदाचार
(स) मानवीय विचारों, निपुणता
(द) दैनिक अनुभव, स्फूर्ति

**(IV) हालदार साहब को पानवाले की बात समझ में <u>नहीं</u> आ रही थी क्योंकि –––––––।**

(अ) उन्हें पानवाले बात पर अविश्वास था　　(ब) पानवाला आधा–अधूरा उत्तर दे रहा था

(स) पानवाले के मुँह में पान ठुँसा हुआ था　　(द) उनके स्वभाव में थोड़ी नासमझी थी

**(V) कथन (क)** कैप्टन द्वारा नेताजी का चश्मा बदलना पानवाले के लिए हास्य का विषय था।

**कथन (ख)** चश्मेवाले द्वारा नेताजी को चश्मा पहनाना देशभक्तों के प्रति सम्मान था।

**कथन (ग)** हालदार साहब के लिए चश्मे का बदलना व्यंग्य का विषय था।

**उपर्युक्त कथनों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(अ) कथन (क) सही किंतु (ख) और (ग) गलत हैं।

(ब) कथन (क) गलत किंतु (ख) और (ग) सही हैं।

(स) कथन (क), (ख) सही हैं किंतु (ग) गलत है।

(द) कथन (क), (ख) और (ग) तीनों सही हैं।

**8 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए–** **2X3=6**

(I) बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त कीं ?

(II) नवाब साहब की असुविधा और संकोच के क्या कारण रहे होंगे ?

(III) मन्नू भंडारी के पिता की कौन–कौन–सी विशेषताएँ अनुकरणीय हैं ?

(IV) 'एक कहानी यह भी' पाठ हमें क्या संदेश देता है ?

**प्र0 9 निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों से सबसे उचित विकल्प चुनकर लिखिए–** (1X5=5)

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।
बालकु बोलि बधौं नहि तोहि। केवल मुनि जड़ जानहि मोही।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।

**(I) सारा संसार महाबाहु परशुराम को ––––––––– के रूप में जानता है।**

(अ) ऋषि भृगु के शिष्य　　(ब) क्षत्रियों को बचाने वाले

(स) ऋषि विश्वामित्र के भक्त　　(द) क्षत्रियों का संहार करने वाले

**(II) परशुराम क्रोधित होने पर भी –––––––– की वजह से लक्ष्मण पर आक्रमण नहीं कर रहे थे।**

(अ) श्री राम　　(ब) गुरु विश्वामित्र

(स) लक्ष्मण के क्रोधित होने　　(द) लक्ष्मण को बालक समझने

**(III) कथन (क)** परशुराम ने सहस्त्रबाहु को छोड़कर सभी राजाओं का फरसे से वध कर डाला था।

**कथन (ख)** परशुराम ने पृथ्वी को राजाओं से रहित कर दिया था।

**दिए गए कथनों के लिए ही विकल्प पहचानिए–**

(अ) कथन (क) सही है और कथन (ख) उसका गलत कारण है।

(ब) कथन (क) सही है और कथन (ख) उसका सही कारण है।

(स) कथन (क) गलत और कथन (ख) सही है।

(द) कथन (क) और कथन (ख) दोनों सही हैं।

**(IV) लक्ष्मण के अनुसार धनुष तोड़ने में राम का कोई दोष नहीं था क्योंकि ----------।**

(अ) धनुष को चलाने पर वह खुद से टूट गया था (ब) धनुष तोड़ने के लिए कहा गया था

(स) धनुष हाथ लगाते ही टूट गया था (द) धनुष बहुत पुराना हो गया था

**(V) परशुराम बार–बार लक्ष्मण को फरसा क्यों दिखा रहे थे ?**

(अ) दरबार के दूसरे लोगों को चेतावनी देने के लिए (ब) अपना क्रोधी इतिहास बताने के लिए

(स) दरबारियों को वहाँ से भगाने के लिए (द) लक्ष्मण को डराने के लिए

**प्र0 10 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए–** **2X3=6**

**(I)** गोपियों द्वारा कृष्ण को 'हारिल की लकड़ी' बताने में क्या आशय निहित है ?

**(II)** "सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की"– 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**(III)** बादल के हृदय में क्या छिपा है तथा वह किसका प्रतीक है ? 'उत्साह' कविता के आधार पर पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**(IV)** 'अट नहीं रही है' कविता में किसका वर्णन हुआ है ? कवि ने उस सौंदर्य के बारे में क्या कहा है ?

**प्र0 11 पूरक पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 80 शब्दों में लिखिए–** **4X2=8**

**(I)** "माता के आँचल में जो सुकून मिलता है और कहीं नहीं ।" कथन के संदर्भ में उदाहरण सहित अपने विचार लिखिए।

**(II)** आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

**(III)** 'सभी लेखक कृतिकार नहीं होते और उनकी सभी रचनाएँ 'कृति' नहीं होती।' 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लेखक के दृष्टिकोण से 'कृति' का अर्थ स्पष्ट करते हुए संपादक, प्रकाशक और आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लिखने वाले लेखकों के बारे में बताइए।

**खंड 'घ' रचनात्मक लेखन ( 20 अंक)**

**प्र0 12. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए–** **(6X1=6)**

(क) मज़दूरों की समस्याएँ

**संकेत बिंदु–** • उचित मज़दूरी का नहीं मिलना • कार्यस्थल तथा आवास स्थल पर सुविधाओं का अभाव • दक्षता के अनुकूल कार्य का नहीं मिलना • संघर्षपूर्ण जीवन

(ख) मनपसंद फ़िल्म की समीक्षा

**संकेत बिंदु–** • प्रसिद्ध सिनेमाहॉल में सिनेमा देखने जाना • घर आकर उत्साहपूर्वक फ़िल्म के बारे में सब कुछ बताना • स्वतंत्रता से अपने विचार व्यक्त करना • पात्र, अभिनय, कलाकार, पटकथा, संगीत आदि सभी पर टिप्पणियाँ करना

(ग) 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता'

**संकेत बिंदु–** • अकेले व्यक्ति द्वारा बड़ा कार्य करने में असक्षमता • समान विचार/धारणा वाले व्यक्तियों को एकजुट करना • एकता से अर्जित उपलब्धि के उदाहरण • बड़े स्तर पर बदलाव लाना

**प्र0 13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** (5X1=5)

अपने राज्य के ग्रामीण इलाकों में पुस्तकालय स्थापित करने हेतु मुख्य सचिव को पत्र लिखिए।

अथवा

छोटे–मोटे रोगों के लिए नाना जी द्वारा बताए गए प्राथमिक उपचार और घरेलू नुस्खों को लिखकर आपने अपनी एक छोटी–सी पुस्तिका बनाई है। इसमें से प्रति सप्ताह एक नुस्खे को 'नाना जी का खज़ाना' शीर्षक से समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने लगा है। इस बारे में बताते हुए नाना जी को पत्र लिखिए।

**प्र0 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करके लिखिए–** (5X1=5)

प्राथमिक कक्षाओं के लिए वर्णमाला से संबंधित गतिविधियों और चार्ट आदि बनाने में आप प्रारंभ से ही निपुण हैं। किसी प्रकाशक को अपनी प्रतिभा से अवगत करवाने और ग्राफ़िक डिज़ाइनर के पद के लिए आवेदन करने हेतु एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

अथवा

विद्यालय में आप पहली बार 'अंतर्राज्यीय हिंदी दिवस प्रतियोगिता' का आयोजन करना चाहते हैं। इस संबंध में लगभग 80 शब्दों में प्रधानाचार्य को ई–मेल लिखिए।

**प्र0 15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करके लिखिए–** (4X1=4)

आपके मित्र ने बच्चों व किशोरों के लिए मनोरंजक व ज्ञानवर्धक पुस्तकों की दुकान शुरु की है। इसके प्रचार–प्रसार हेतु 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के कारण आपके शिक्षक को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। अपने शिक्षक को बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।

––0––